हिन्दुस्तान
1936
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
शनिवार
18 अप्रैल 2026, बरेली

सोबती की टीम ने बीबीएल को 80 रन से दी शिकस्त

सोबती पब्लिक स्कूल के अक्षय गुप्ता को मिला मैन ऑफ द मैच।

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सात के तीसरे दिन शुक्रवार को ग्रुप बी की टीम सोबती पब्लिक स्कूल और बीबीएल के बीच पांचवां मैच खेला गया। इसमें सोबती की टीम ने बीबीएल को 80 रन से हराया। मैन ऑफ द मैच सोबती के अक्षय गुप्ता को 32 गेंदों पर 30 रन बनाने के साथ ही 1.3 ओवरों में सिर्फ सात रन देकर पांच विकेट लेने पर दिया गया।

सोबती की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट के नुकसान पर 139 रन बनाए। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी बीबीएल की टीम महज 8.3 ओवर में 59 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। शुक्रवार को वासु वरल सीनियर सेकेंडरी और पब्लिक मॉडर्न स्कूल नकटिया के बीच होना था, लेकिन पब्लिक मॉडर्न स्कूल नकटिया की टीम के न पहुंचने से अंपायरों की सलाह पर मैच रेफरी ने वासु वरल सीनियर सेकेंडरी स्कूल को वॉकओवर देने का फैसला किया।